प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 28.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रदेश की जिला पंचायतों को भी दिया जाएगा गौण खनिज निधि में हिस्सा।

2— सेल चेयरमैन ने कहा कि देश के लिए काफी महत्वपूर्ण है, रावघाट परियोजना।

3— ईद—उल—अज़हा आज छत्तीसगढ़ सहित देष के विभिन्न भागों में मनाई जा रही है।

और

4— मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के मौसम में आएगा बदलाव—कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हो सकती है बारिश।

...........

**<u>गौण खनिज निधि</u>**

छत्तीसगढ़ सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिला पंचायतों को भी गौण खनिज निधि में हिस्सा देने का आदेष जारी कर दिया है। खनिज साधन विभाग के अनुसार गौण खनिजों से मिलने वाली राषि का वितरण ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायतों के बीच तय अनुपात में किया जाएगा। इस निधि का उपयोग स्कूल, अस्पताल, सामुदायिक, शौचालय, मुक्तिधाम और सड़क जैसे विकास कार्यों में किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस फैसले से पंचायतों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और ग्रामीण विकास कार्यों में तेजी आएगी।

**राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत के मेहनती किसानों के अथक प्रयासों के कारण देश में पर्याप्त खाद्य भंडार मौजूद है। नई दिल्ली में खरीफ अभियान के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने बताया कि इस वर्ष देश में अनुमानित खाद्यान्न उत्पादन तीन सौ छिहत्तर करोड़ टन से अधिक है, जो पिछले वर्ष की तुलना में पांच दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है। श्री चौहान ने कहा कि दो दिन का यह सम्मेलन खरीफ कृषि क्षेत्र के कल्याण के लिए एक रोडमैप तैयार करने में सहायक होगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य आगामी खरीफ ऋतु के लिए रणनीतियों पर विचार–विमर्श करना है।

**इम्प्रूव्ड राईस स्कीम**

छत्तीसगढ़ में जल्द ही 'इम्प्रूव्ड राईस स्कीम' लागू की जाएगी। इस संबंध में कल रायपुर में खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यषाला आयोजित की गई। बैठक में श्रीमती कंगाले ने कहा कि केन्द्र सरकार आगामी खरीफ वर्ष में 'इम्प्रूव्ड राईस स्कीम' को प्राथमिकता के साथ लागू करने की दिषा में कार्य कर रही है। इसके लिए राज्य के राईस मिलों को तकनीकी रूप से अपग्रेड करना आवष्यक होगा। उन्होंने आष्वस्त किया कि मिलर्स द्वारा दिए गए सुझावों और समस्याओं का परीक्षण कर आवष्यक प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा।

## सीबीएसई–ओएसएम प्रणाली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई द्वारा शुरू की गई नई ऑन–स्क्रीन मार्किंग– ओएसएम प्रणाली अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक "प्रगतिशील साधन" है। श्री प्रधान ने नई दिल्ली में सीबीएसई अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह बात कही। सीबीएसई कक्षा बारहवीं की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल में ओएसएम प्रणाली में विसंगतियों और तकनीकी खराबी को लेकर श्री प्रधान ने स्वीकार किया कि कुछ मुद्दे सामने आए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि चल रही पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान सभी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

## सेल अध्यक्ष–भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड–सेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉक्टर अशोक कुमार पंडा ने अपने भिलाई प्रवास के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र–बीएसपी के परिचालन, उत्पादन, वित्तीय स्थिति और भविष्य की विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संयंत्र प्रबंधन को अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने, सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और उत्पादकता में निरंतर सुधार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पंडा ने कहा कि रावघाट परियोजना छत्तीसगढ़, सेल और पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। रावघाट में पर्याप्त लौह अयस्क भंडार मौजूद हैं। इससे देश को लौह अयस्क मिलेगा और भिलाई इस्पात संयंत्र की विस्तारित क्षमता को भी मजबूती मिलेगी।

श्री पंडा ने सेल की भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया कि कंपनी ने अगले चार से पांच वर्षों में अपनी उत्पादन क्षमता बीस मिलियन टन से बढ़ाकर पैंतीस मिलियन टन प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य रखा है।

## ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज–आवेदन

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम–ईएसआईसी ने देशभर के अपने बीस प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए सात सौ सीटें आरक्षित की हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि इकतीस मई से बढ़ाकर इक्कीस जून कर दी है।

छत्तीसगढ़ के श्रमायुक्त कार्यालय के अनुसार इन आरक्षित सीटों पर योग्य उम्मीदवारों का चयन नीट यूजी परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

## ईद–उल–अज़हा

ईद–उल–अज़हा आज छत्तीसगढ़ सहित देष के विभिन्न भागों में मनाई जा रही है। त्याग और बलिदान के इस त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में विषेष नमाज अदा की। ईद–उल–अजहा हजरत इब्राहिम द्वारा खुदा के आदेष का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाई जाती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईद–उल–अजहा पर देशवासियों को बधाई दी है।

## वीर सावरकर–जयंती

आज महान क्रांतिकारी, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री साय ने कहा कि भारत की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले वीर सावरकर का जीवन अदम्य साहस, त्याग, राष्ट्रनिष्ठा

और अटूट संकल्प की अमर गाथा है। विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहेगी।

**सीयूईटी यूजी–परीक्षा तिथि**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी यूजी दो हजार छब्बीस की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षाएं अब इकतीस मई, छह और सात जून को आयोजित की जाएंगी। ईद–उल–अज़हा के कारण तिथियां पुनर्निर्धारित की गई हैं। एनटीए ने बताया कि इकतीस मई को परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। छह और सात जून की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे।

**एलपीजी/धान खरीदी–कार्रवाई**

महासमुंद जिले में हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये के एलपीजी घोटाला मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ठाकुर पेट्रोकेमिकल अभनपुर के संतोष सिंह ठाकुर और सार्थक सिंह ठाकुर को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अब तक खाद्य अधिकारी अजय यादव और मनीष चौधरी सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

वहीं, जिले के बम्हनी धान उपार्जन केंद्र में हुए धान घोटाला मामले के मुख्य आरोपी और तत्कालीन केंद्र प्रभारी गंगाधर जगत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एक करोड़ सोलह लाख रुपये से अधिक कीमत के धान गबन का आरोप है।

**राष्ट्रीय आम महोत्सव**

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल उनतीस मई से राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। वहीं, समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस मौके पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

उद्यानिकी और प्रक्षेत्र वानिकी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस महोत्सव में आम के विभिन्न किस्मों की प्रदर्षनी लगाई जाएगी। प्रदर्षनी हर दिन दोपहर बारह बजे से रात नौ बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

**मौसम**

प्रदेश के मौसम में कल से बदलाव होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इस समय एक चक्रवाती घेरा झारखंड में बना हुआ है। वहीं, एक द्रोणिका उत्तरप्रदेश से तटीय आंध्रप्रदेश तक विस्तारित है। इसके असर से प्रदेश के मौसम में कल से बदलाव होने के आसार हैं।

इस बीच, जगदलपुर में आज दोपहर मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इस दौरान जगदलपुर सहित आस–पास के क्षेत्रों में ओले भी गिरे।

इधर, गरियाबंद जिले में देवभोग थाना क्षेत्र के माहुलकोट गांव में आज आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>